न्यायालय डिविजनल कमिश्नर ऑर्डर शीट
जोधपुर

प्रकरण संख्या 19/2020 अनवान रामेश्वर व अन्य बनाम जिला कलक्टर जोधपुर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	08.02.2023 पत्रावली पेश हुई। उक्त अपील मूलतः राजस्व अपील प्राधिकारी, जोधपुर के न्यायालय में दिनांक 12.07.2019 को अनुमति के बिन्दु को सुरक्षित रखते हुए दर्ज हुई। जो राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राज0 जयपुर की अधिसूचना क्रमांकः प.1(17) Rev/-6/2019/112 दिनांक 17.10.2019 के अनुसरण में न्यायालय हाजा के सुनवाई क्षेत्राधिकार की होने से दिनांक 30.12.2019 को स्थानांतरित होकर प्राप्त हुई। प्रकरण में दिनांक 29.11.2022 को वकील अपीलांट श्री लक्ष्मण बिश्नोई एवं अपीलार्थीरामेश्वरलालद्वारा प्रार्थना बाबत अपील विड्रो करने का प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रार्थना पत्रों में मुख्यतः यह निवेदन किया है कि उक्त अपील तथ्यों की भूलवश प्रस्तुत की गई है। वास्तविकता का पता चलने तथा ग्राम के मौजिज व्यक्तियों की समझाईश से पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो जाने से अपीलार्थी उक्त अपील के जरिये किसी प्रकार का अनुतोष प्राप्त नही करना चाहते है। अतः पत्रावली आज ही तलब कर उक्त अपील जरिये विड्रो खारीज फरमावे। इनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की प्रति रेस्पोडेन्ट अधिवक्ता को दी हुई है, जिनकी ओर से अनापत्ति अंकित की हुई है। उक्त प्रार्थना पत्र अपीलार्थीरामेश्वरलाल स्वयं ने उपस्थित होकर प्रस्तुत किया तथा प्रार्थना पत्र पर इनके हस्ताक्षर की पहचान उनके अधिवक्ता श्री लक्ष्मण बिश्नोई द्वारा की गई। अतः अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलांट्स की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारीज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। निर्णय आज दिनांक खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। 8/2/23 डिविजनल कमिश्नर जोधपुर	(रामेश्वर) (भूराराम) (मांगीलाल) Identified by Laxman Bishnoi 08/02

न्यायालय डिविजनल कमिश्नर जोधपुर सत्यमेव जयते